प्रेस नोट   पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद   दिनांक 23.03.24

थाना लोनी पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।

आज दिनांक 23.03.2024 को थाना लोनी पर मोबाइल चोरी की सूचना प्राप्त हुई जिसमें तत्काल वादी की तहरीर पर थाना लोनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसमें उच्च अधिकारी गणों के निर्देशन पर पुलिस टीम गठित की गयी जिसमें कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 23.03.2024 को थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चौकी क्षेत्र अशोक बिहार से मोबाइल चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों 1.अरमान पुत्र उसमान निवासी- बाबू होटल 30 फुटा रोड अशोक विहार लोनी जिला गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष 2.मुजक्किर पुत्र शाहिद निवासी बाबू होटल 30 फुटा रोड अशोक विहार लोनी जिला गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष को एक चोरी के मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जो मौका पाकर सामान व मोबाइल आदि चोरी कर लेते है।

नाम/पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1-अरमान पुत्र उसमान निवासी- बाबू होटल 30 फुटा रोड अशोक विहार लोनी जिला गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष

2-मुजक्किर पुत्र शाहिद निवासी- बाबू होटल 30 फुटा रोड अशोक विहार लोनी जिला गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष

अपराधिक इतिहास –

अभियुक्तों के विरुद्ध थाना लोनी पर पंजीकृत अभियोग की संख्या- 01

बरामदगी का विवरण-

1.एक मोबाइल

2.एक मोटरसाइकिल

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना लोनी पुलिस टीम

थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा लोगों को झांसे में लेकर ठगी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त (टप्पेबाज) गिरफ्तार, कब्जे से 02 कुंडल पीली धातु, 7000 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22/23.03.2024 की रात्रि को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करके रुपये, आभूषण कब्जाने वाले 02 शातिर अभियुक्तों 1. इम्तियाज़ उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र लियाकत अली निवासी गांव पाली थाना कोतवाली बागपत 2. इमरान उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र इंतजार अली निवासी गांव पाली थाना कोतवाली बागपत को गिरफ्तार किया गया, इनके कब्जे से मुकदमों से सम्बंधित 02 कुंडल पीली धातु, 7000 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

अभियुक्तों से पूछताछ का विवरण- पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया की हमने आज से लगभग 4 माह पहले गाजियाबाद के मुरादनगर में अंबेडकर पार्क के पास एक महिला से 10 रूपये के नोट की गड्डी का लालच देकर कुंडल उतरवाये थे ये वही कुण्डल हैं तथा हमने एक हफ्ते पहले सीएचसी मुरादनगर से एक व्यक्ति को बहला फुसलाकर उससे लगभग 25000 रूपये ले लिए थे जिसमें से मैंने लगभग 18000 रूपये खर्च कर दिए, दोनों व्यक्तियों से पकडी गयी बुलेट मोटरसाइकिल के बारे में पूछा तो दोनों ने बताया की इस मोटरसाइकिल का प्रयोग हम दोनों द्वारा उपरोक्त घटनाओं में किया गया है।

अपराधिक विवरण- अभियुक्त इम्तियाज के विरुद्ध थाना मुरादनगर गाजियाबाद, जनपद बागपत, मुजफ्फरनगर, दिल्ली में लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि के लगभग 11 मुकदमें पंजीकृत है।

नाम/पता गिरफ्तार अभियुक्त–

1. इम्तियाज़ उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र लियाकत अली निवासी गांव पाली थाना कोतवाली बागपत

2. इमरान उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र इंतजार अली निवासी गांव पाली थाना कोतवाली बागपत

बरामदगी का विवरण-

1-02 कुंडल पीली धातु

2-7000 रुपये नगद

3-घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम ।

थाना सिहानीगेट पुलिस टीम व स्वाट टीम नगर जोन द्वारा गाड़ी चोरी करने वाले 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 कार बरामद

दिनांक 23.03.2024 को स्वाट टीम नगर जोन व थाना सिहानीगेट पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से होली चाइल्ड चौराहे पर चेकिंग के दौरान गाडी चोरी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तगण 1. हसीन 2. बोबी उर्फ वसीम 3. रियाजुद्दीन 4. साजिद को चोरी की 02 कार सहित गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि साहब हम लोग दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र से कार चोरी कर उन्हे दूसरे राज्यो में बेचकर काफी मुनाफा कमाते हैं। ये दोनों कार हमने दिल्ली व नोएडा से चोरी की थी। जिन्हे आज हम बेचने हेतु ले जा रहे थे ।

नाम पता अभियुक्त-

1. हसीन पुत्र रहीसुद्दीन निवासी ग्राम खजूरी अलियापुर, थाना परीक्षितगढ जिला मेरठ
2. बोबी उर्फ वसीम पुत्र जलालुद्दीन, निवासी कुम्हारों वाली गली, सोतीगंज केशरीपुर, थाना सदर बाजार जिला मेरठ
3. रियाजुद्दीन पुत्र यामीन, निवासी भूडबराल थाना परतापुर, जिला मेरठ
4. साजिद पुत्र रहीश, निवासी जली कोठी पुरवा अहमद नगर, थाना देहलीगेट, जिला मेरठ

बरामदगी का विवरणः-

1. चोरी की 01 कार स्कार्पियो नं0 - UP13BC 5000
2. चोरी की 01 कार डिजायर नं0 – DL12CL 8222

आपराधिक इतिहास

1.अभियुक्त हसीन के विरूद्ध जनपद हापुड में आर्म्स एक्ट का एक अभियोग पंजीकृत हैं।

2.अभियुक्त रियाजुद्दीन के विरूद्ध जनपद गाजियाबाद में लूट, चोरी व माल बरामदगी से सम्बन्धित कुल 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार एवं बरामदगी करने वाली टीमः-

स्वाट टीम नगर जोन व थाना सिहानीगेट पुलिस टीम